**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.03.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

**विधानसभा**

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के तेरहवें दिन आज सदन में बजट पारित किया जाएगा। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला संवाददाता........

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वर्तमान में गैर शिक्षक कर्मचारियों के सात हज़ार 4 सौ पचासी पद खाली है। विधानसभा में विधायक जनक राज के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन पदों को विभागीय पदोन्नति व विद्यालयों के विलय,एकीकरण और पदों के युक्तिकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर भर दिया जायेगा। रोहित ठाकुर ने ये जानकारी भी दी कि प्रदेश में 16 उच्च विद्यालय ऐसे भी है जिनमे हिंदी शिक्षकों का कोई भी पद सृजित नहीं है ।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, चिट्टा माफिया और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कल 27 मार्च को शिमला के चौड़ा मैदान में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता व अन्य लोग इस दौरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

**दुर्घटना**

शिमला में शोघी – आनंदपुर – मेहली सड़क पर शील गांव के समीप बीती रात एक सड़क दुर्घटना में माँ बेटी सहित चार लोगो की मौत्त हो गयी। मरने वालो में दो बच्चे भी शामिल हैं, हादसा उस समय हुआ जब कार सवार शोघी से मेहली आ रहे थे और गाड़ी अनियत्रित होकर सड़क से लगभग सौ फुट गहरी खाई में जा गिरी। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गाँधी ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जाँच कर रही है ।

**दवा गुणवत्ता**

प्रदेश सरकार राज्य में उत्पादित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य दवा नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राज्य की दवाएं अपनी गुणवत्ता और सुरक्षित उपयोग के लिए जानी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कम गुणवत्ता और खराब दवा बनाने वाले निर्माताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

**कार्यशाला**

केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शिमला में दो दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकारों पर राष्ट्रीय आईपी यात्रा प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में लोगों को उनके उत्पादों के पैटेंटस और आई पी ट्रड मार्क को लेकर कानूनी विशेषज्ञ द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

**परिणाम**

प्रदेश राज्य चयन आयोग ने क्लर्क के 82 पदों के लिए पोस्ट कोड–962 के तहत ली गई परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि क्लर्क पोस्ट कोड–962 के लिए चयनित कुल 81 उम्मीदवारों की सूची अंकों सहित आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अदालत में लंबित केस व इसकी जांच के चलते एक पद को फिलहाल खाली रखा गया है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज और कल प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में बारिश का येलो अर्लट जारी किया है। बीते कुछ दिनों से मौसम के साफ रहने से तापमान में वृद्धि हुई और अधिकतर क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...**

विद्युत परियोजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को अमर उजाला, दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक ने लगभग एक जैसी सुर्खी दी है–**40 साल पुरानी बिजली परियोजनाओं को टेकओवर करेगी हिमाचल सरकार।**

पंजाब केसरी ने स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के हवाले से खबर दी है–**कोरोना काल में सेवाएं देने वाले कर्मियों को ऐडजैस्ट करेगी सरकार।**

---